Regarding maintenance, operation and payment of electricity bills of tubewell under Jal Jeevan Mission in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan- Laid

श्री मुरारी लाल मीना **(दौसा) :** देश सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों, विशेषकर दौसा संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन के माध्यम से संचालित की जा रही है । इस योजना में 10 प्रतिशत भागीदारी ग्रामीण जनता की तथा 90 प्रतिशत भागीदारी राज्य एवं केंद्र सरकार की निर्धारित है । तथापि, इस योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत भागीदारी के बावजूद ग्रामीण जनता अथवा ग्राम पंचायतों के पास कोई पृथक वित्तीय संसाधन उपलब्ध नहीं होते, जबकि ट्यूबवेलों के रख-रखाव एवं संचालन से संबंधित व्यय ग्राम पंचायतों को ही वहन करना पड़ता है, जो उनके लिए अत्यंत कठिन है । इसके अतिरिक्त, जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित ट्यूबवेलों के विद्युत बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है । परिणामस्वरूप, पूरे देश सहित राजस्थान में, विशेषकर दौसा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायतों पर कई-कई लाख रुपये के विद्युत बिलों का भारी बकाया हो गया था । विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने का खतरा बढ़ता जा रहा है ।

अतः सरकार से विनम्र निवेदन है कि यदि इस योजना को सफल एवं प्रभावी बनाना है, तो ग्राम पंचायतों को ट्यूबवेलों के रख-रखाव, संचालन एवं विद्युत व्यय समय पर जमा करने एवं नियमित वित्तीय सहायता (फंड) उपलब्ध कराने की कृपा करें ।